आकाशवाणी चंडीगढ़

14 अप्रैल 2025, समय 1810

- आज डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का शिलान्यास किया और हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को रवाना किया।

- प्रधानमंत्री ने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड से मुस्लिम समाज को लाभ होगा और भूमाफियाओं की लूट बंद होगी।

- श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का हर दिन हर,हर फैसला,हर नीति बाबा साहब को समर्पित है।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा सरकार आमजन की सेवा में प्रभावी रूप से अपनी जिम्मेवारी निभा रही है।

- प्रधानमंत्री ने यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम तापीय ऊर्जा संयत्र में 800 मेगावाट की तीसरी इकाई का शिलान्यास किया।

आज डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का शिलान्यास किया और हिसार से अयोध्या जाने वाली पहली उड़ान को रवाना किया।इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री मोदी ने कहा कि निरंतर और तेज़ विकास भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मंत्र है और इसी मंत्र पर चलते हुए आज श्री कृष्ण की भूमि हरियाणा से अयोध्या धाम के लिए उड़ान शुरू हुई है। अब हरियाणा, प्रभु राम की नगरी से सीधे जुड़ गया है।

श्री मोदी ने कहा कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में उड़े उनका यह सपना देश में हर तरफ पूरा होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि गत 10 वर्ष में करोड़ों भारतीयों ने जीवन में पहली बार हवाई सफर किया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि हिसार हवाई अड्डे से बहुत जल्दी दूसरे शहरों के लिए भी उड़ाने शुरू होगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकसित हरियाणा के लक्ष्य पर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बाबा साहिब आम्बेडकर की नीतियों को आगे बढ़ा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने डॉ आंबेडकर को सदैव अपमानित किया। उनके जीवन में उन्हें हाशिये पर रखने की कोशिश की गई ।

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहिब और चौधरी चरण सिंह जी जैसे महान सपूतों को भारत रत्न नहीं दिया। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के अगुवाई वाली सरकार बनने पर इन दोनों महान विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री ने वक़्फ़ बोर्ड से सम्बंधित बनाए गए नए कानून का जिक्र करते हुए कहा कि नए वक़्फ़ कानून से मुस्लिम समाज को लाभ होगा और आदिवासियों की जमीन को कोई हथिया नहीं सकेगा। श्री मोदी ने कहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति से मुस्लिम समाज की राजनीति ने मुस्लिम समाज को कोई फायदा नहीं पहुंचाया। कांग्रेस सरकार वोट के लिए वक़्फ़ कानून में संशोधन किया। और भू-माफियाओं को फायदा पहुंचाया।

श्री मोदी ने कहा कि अब भू-माफियाओं की लूट बंद होगी और नए प्रावधानों से वक़्फ़ की पवित्र भावना का सम्मान होगा।

श्री मोदी ने कहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का हर दिन हर फैसला हर नीति बाबा साहब आंबेडकर को समर्पित है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को लागू करने के साथ ही आमजन की सेवा में प्रभावी रूप से अपनी जिम्मेवारी निभा रही है मुख्यमंत्री हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित समारोह संकल्प की उड़ान को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बाबा साहब आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा –

मुख्यमंत्री ने कहा हरियाणा के इस पहले हवाई अड्डे के दूसरे टर्मिनल के भवन का शिलान्यास विकास की दिशा में अहम कदम है।

उन्होंने कहा—

श्री नायब सिंह ने कहा की आजादी के इतने वर्षों बाद भी देश के कई हिस्सों में हवाई संपर्क न होने से आम आदमी के लिए हवाई यात्रा करना एक सपना था। हर देशवासी के इस सपने को साकार करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उड़ान योजना की शुरुआत करके किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना को साकार करने में हरियाणा का विशेष योगदान रहेगा।

श्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने तीसरी पारी के 100 दिनों के अंदर अंदर अपने संकल्प पत्र के 19 वादे पूरे कर दिए हैं और 90 वादों पर काम हो रहा है। शेष वादे भी शीघ्र पूरे किए जाएंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज हरियाणा के लोगों को कई विकास परियोजनाएं समर्पित की।उन्होंने यमुनानगर में दीनबंधु छोटू राम तापीय ऊर्जा सयंत्र में 8 हजार 469 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाली 800 मेगावाट की तीसरी इकाई का शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने यमुनानगर में 90 करोड़ रुपये की लागत से गोबर धन संयंत्र का शिलान्यास भी किया तथा रेवाड़ी बाईपास का उद्घाटन किया।इस अवसर पर केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार तथा श्याम सिंह राणा मौजूद रहे।केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने तापीय ऊर्जा संयंत्र की 800 मेगावाट की तीसरी इकाई स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। नई इकाई के निर्माण के लिए कुल 233 एकड़ भूमि का उपयोग किया जाएगा। परियोजना को 52 महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।इस नई इकाई के साथ, हरियाणा की आंतरिक बिजली उत्पादन क्षमता बढ़कर 3,382 मेगावाट हो जाएगी।रेवाड़ी बाईपास परियोजना को भारतमाला योजना के तहत 1,069 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यमुनानगर में दीनबंधु छोटू राम तापीय ऊर्जा संयंत्र में 800 मेगावाट की तीसरी इकाई का शिलान्यास और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा -

उन्होंने कहा की औद्योगिक शहर यमुनानगर देश के विकास में योगदान दे रहा है।